Submit

सूचना और प्रसारण मंत्रालय

प्रसार भारती ने भारतीय संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए भारतीय सांस्कृतिक संबंध परिषद (आईसीसीआर) के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए

प्रविष्टि तिथि: 20 DEC 2021 2:50PM by PIB Delhi

प्रसार भारती और भारतीय सांस्कृतिक संबंध परिषद ने भारतीय संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए आज एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। भारतीय सांस्कृतिक संबंध परिषद (आईसीसीआर) से जुड़े प्रख्यात कलाकारों के कार्यक्रम दूरदर्शन के राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय चैनलों पर प्रसारित किए जायेंगे। नृत्य और संगीत के कार्यक्रम डीडी नेशनल, डीडी इंडिया, दूरदर्शन के क्षेत्रीय चैनलों और प्रसार भारती समाचार सेवाओं (प्रसार भारती का डिजिटल प्लेटफॉर्म) पर साप्ताहिक कार्यक्रम के रूप में प्रदर्शित किए जायेंगे।

इस समझौता ज्ञापन का उद्देश्य भारतीय संस्कृति के सर्वश्रेष्ठ पहलुओं को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय दर्शकों के सामने लाना और अपनी कला का प्रदर्शन करने वाले कलाकारों को टीवी और डिजिटल मंच प्रदान करना है।

दूरदर्शन भारतीय सांस्कृतिक संबंध परिषद (आईसीसीआर) के सहयोग से परिषद द्वारा आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रमों/संगीत समारोहों/संगीत/नृत्य के प्रदर्शनों पर आधारित आधे घंटे की अवधि वाली 52 कड़ियों (एपिसोड) का निर्माण करेगा।

प्रसार भारती के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) श्री शशि शेखर वेम्पति, प्रसार भारती के सदस्य (वित्त) श्री डी.पी.एस नेगी और प्रसार भारती एवं भारतीय सांस्कृतिक संबंध परिषद के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में दूरदर्शन के महानिदेशक श्री मयंक कुमार अग्रवाल और भारतीय सांस्कृतिक संबंध परिषद (आईसीसीआर) के महानिदेशक श्री दिनेश के. पटनायक ने इस समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए।

यह समझौता ज्ञापन दिसंबर 2021 से लेकर दिसंबर 2024 तक तीन साल की अवधि के लिए लागू रहेगा।

*****

एमजी/एएम/आर/डीए

(रिलीज़ आईडी: 1783466) आगंतुक पटल : 128

इस विज्ञप्ति को इन भाषाओं में पढ़ें: English , Urdu , Marathi , Bengali , Punjabi , Odia , Tamil , Telugu